# राजेश अध्यक्ष, वाधवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, माहेश्वरी बने उपाध्यक्ष

**खास बातें**

- व्यापारियों में दिखा उत्साह,अन्य पदों पर भी स्पष्ट जीत
- 177 मतों के साथ लगभग शत-प्रतिशत मतदान



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 29 मार्च, इस बार व्यापार महासंघ के चुनाव तय समय से देरी से हुये हैं जिस तरह के कयास लगाये जा रहे थे कि मुकाबला कांटे का होगा और इस बार युवा और अनुभव के बीच में मुकाबला देखने को मिला. एक तरफ जहां राजेश जैन के समर्थन में व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्षों ने कमान संभालते हुये जीत के लिये पूरी फिल्डिंग की थी तो वहीं राजीव जैन को इस बार युवा व्यापारियों ने समर्थन दिया. जिसके चलते यह चुनाव युवा और अनुभव के बीच के हुआ जिसमें अनुभव को जीत हांसिल हुयी और इसी के चलते विदिशा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेश जैन चुने गये.अब जो नयी टीम उभरकर सामने आयी उससे व्यापारियों को उम्मीद है कि जिस तरह से अभी तक व्यापारियों के हाथ में आवाज बुलंद होती आयी है और आगे भी यही सिलसिला जारी रहेगा.**

## मतदान में रिकॉर्ड भागीदारी, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ चुनाव

मतदान प्रक्रिया दोपहर 1 बजे तक चली, जिसमें कुल 179 में से 177 मत डाले गए. इस प्रकार मतदान प्रतिशत लगभग शत-प्रतिशत रहा और केवल 2 मतदाता ही मतदान से वंचित रहे. जानकारी के अनुसार कुल 179 मतों में से 7 टेंडर वोट शनिवार तक डाले जा चुके थे, जबकि शेष 170 मत रविवार को डाले गए.पूरी मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जो व्यापारियों की लोकतांत्रिक भागीदारी और जागरूकता को दर्शाती है. कहीं भी किसी प्रकार का विवाद या अव्यवस्था देखने को नहीं मिली, जिससे चुनाव की पारदर्शिता और अनुशासन का भी परिचय मिला.चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई. समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई दी और अपने-अपने नेताओं की जीत का उत्साहपूर्वक स्वागत किया.इस चुनाव ने यह साबित कर दिया कि व्यापार महासंघ केवल एक संगठन ही नहीं, बल्कि व्यापारियों की एक मजबूत एकता का प्रतीक है, जहां लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ पारदर्शिता और सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता दी जाती है.

नगर के प्रतिष्ठित व्यापार महासंघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर राजेश जैन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजीव जैन गट्टू को 65 मतों से पराजित कर शानदार जीत हासिल की. इस जीत के साथ ही व्यापारिक जगत में उत्साह का माहौल देखने को मिला.

चुनाव परिणामों में अन्य पदों पर भी स्पष्ट बढ़त देखने को मिली. वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर हरीश वाधवानी 56 मतों से विजयी रहे. वहीं उपाध्यक्ष पद पर आशीष माहेश्वरी ने 31 मतों से जीत दर्ज की. कोषाध्यक्ष पद पर राजकुमार अग्रवाल 23 मतों से विजयी हुए.

इसी प्रकार महामंत्री पद पर नरेंद्र सोनी ने 11 मतों से अपने प्रतिद्वंदी को पराजित किया, जबकि संयुक्त मंत्री पद पर विवेक शर्मा 10 मतों से विजयी रहे. सभी पदों पर आए परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया कि चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं ने खुलकर अपनी भागीदारी निभाई.

रीठा फाटक क्षेत्र स्थित व्यापार भवन में आयोजित इस चुनाव को लेकर व्यापारियों में खासा उत्साह देखने को मिला. सुबह से ही मतदान केंद्र पर गहमागहमी का माहौल रहा और विभिन्न व्यापारिक वर्गों से जुड़े सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. चुनाव स्थल पर पूरे दिन चहल-पहल बनी रही और मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्साहित नजर आए. वहीं विधायक मुकेश टंडन से सभी विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनायें प्रेषित कीं.

## यूनुस खान बने विधानसभा अध्यक्ष, विभिन्न ब्लॉकों में नए पदाधिकारियों की घोषणा

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई.** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के दिशा-निर्देशों के तहत कांग्रेस के सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नई नियुक्तियों की घोषणा की है.इस क्रम में विदिशा जिले के अंतर्गत कुरवाई विधानसभा की जिम्मेदारी यूनुस खान को सौंपी गई है, जिन्हें विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के लिए विभिन्न ब्लॉकों में भी नए चेहरों को जिम्मेदारी दी गई है. जारी सूची के अनुसार अनस खान को कुरवाई शहर और हरिओम सिंह को कुरवाई ग्रामीण की कमान दी गई है.इसके अलावा हेमंत दांगी को मेहलुआ चौराहा, लईक कुरैशी को पठारी, अजय सिंह कुशवाहा को अंबा नगर, मनीष सोनी को उदयपुर, नावेद खान को पथरिया तथा रवि शर्मा को बमोरी शाला का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है.प्रदेश नेतृत्व ने उम्मीद जताई है कि यह टीम पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाएगी.

## विदिशा में गेहूं उपार्जन की तैयारी पूरी, 91 खरीदी केंद्र निर्धारित, 1 अप्रैल से शुरू होगी खरीदी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशों के परिपालन में वर्ष 2026-27 के रबी विपणन सत्र हेतु किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं.**

जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर विदिशा जिले में कुल 91 गेहूं उपार्जन (खरीदी) केंद्र निर्धारित किए गए हैं.निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 अप्रैल से 5 मई 2026 तक गेहूं की खरीदी की जाएगी. शासन द्वारा औसत अच्छी गुणवत्ता (एफएक्यू) के गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है. खरीदी कार्य सप्ताह में पांच दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक संचालित होगा.निर्देश दिए गए हैं कि केवल निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप गेहूं का ही उपार्जन किया जाएगा.गुणवत्ता परीक्षण में मानकों पर खरा नहीं उतरने वाले गेहूं को अस्वीकार किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित उपार्जन केंद्र संचालित करने वाली संस्था की होगी.कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों पर तय आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं. साथ ही, केंद्र संचालकों को केंद्र सरकार के पोर्टल पर अपनी यूजर आईडी बनाकर उपलब्ध सुविधाओं का विवरण स्वच्छ फोटो सहित अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिसका सत्यापन संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा किया जाएगा.शनिवार एवं रविवार को खरीदी बंद रहेगी.इन दिनों में उपार्जित गेहूं का परिवहन, भंडारण, लेखा मिलान तथा अस्वीकृत स्टॉक का निस्तारण किया जाएगा. गोदाम स्तर पर नॉन-एफएक्यू गेहूं का भंडारण नहीं किया जाएगा.



## लायंस क्लब विदिशा आर्य में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, लायंस क्लब विदिशा आर्य में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ एवं प्रथम महिला लायन रेनु वशिष्ठ की आधिकारिक यात्रा गरिमामय रूप से सम्पन्न हुई. कार्यक्रम की शुरुआत सेवा गतिविधियों से हुई, जिसमें आकांक्षा दिव्यांग स्कूल के बच्चों को व्हीलचेयर प्रदान की गई और अल्पाहार वितरित किया गया.**

इसके बाद होटल कृष्णा में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के साथ गवर्नर विजिट का शुभारंभ हुआ. क्लब अध्यक्ष डॉ. निशा नेमा ने क्लब की जानकारी दी, जबकि सचिव ऊषा चौबे ने गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया.डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रवीण वशिष्ठ ने क्लब की सराहना करते हुए सदस्यों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया और नए सदस्यों को शपथ दिलाई. कार्यक्रम में ई-वेस्ट प्रबंधन पर स्टॉल भी लगाया गया.

इस अवसर पर विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ.

## व्यक्तित्व विकास, स्वच्छता और डिजिटल साक्षरता पर दिया जा रहा विशेष जोर

- राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर हाँसुआ में



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम हाँसुआ में आयोजित किया जा रहा है. शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें मुख्य रूप से मेरा युवा भारत और डिजिटल साक्षरता के लिए युवाओं को जागरूक करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है.**

शिविर में प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी, योग, पीटी ड्रिल, श्रमदान, बौद्धिक सत्र, खेलकूद, ग्राम संपर्क और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास किया जा रहा है.आज आयोजित बौद्धिक सत्र में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा की पूर्व प्राचार्य चारु सक्सेना ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर मार्गदर्शन दिया. उन्होंने कहा कि हमारा व्यक्तित्व स्वयं के प्रयासों से तैयार होता है. हमें छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें ईमानदारी और लगन के साथ पूरा करना चाहिए.उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में दो रास्ते होते हैं, एक अच्छे भविष्य की ओर और दूसरा गलत दिशा में जाने वाला. यह निर्णय स्वयं विद्यार्थियों को करना होता है कि वे किस दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं. इस दौरान विद्यार्थियों ने उनसे विभिन्न विषयों पर प्रश्न भी पूछे.बौद्धिक सत्र के विशिष्ट अतिथि आरके सिंह ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसकी शुरुआत स्वयं से होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता से ही समाज में स्वच्छता का विस्तार संभव है.उन्होंने रेलवे से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की तैयारी के बारे में भी बताया. वहीं विशिष्ट अतिथि लखन सिंह जाट ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक विचार साझा किए.शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए उनके सर्वांगीण विकास का प्रयास किया जा रहा है.

## महावीर जयंती अवकाश में बदलाव, अब 30 मार्च को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

नवभारत न्यूज

विदिशा,सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय भोपाल की अधिसूचना के अनुपालन में तथा जनभावनाओं और स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिला विदिशा में पूर्व घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन किया गया है.कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाश सूची में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में पहले 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को सार्वजनिक अवकाश निर्धारित था, जिसे अब परिवर्तित कर सोमवार 30 मार्च 2026 कर दिया गया है.इस संबंध में कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता द्वारा आदेश जारी कर पूरे जिले में 30 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है.जारी आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि 31 मार्च (मंगलवार) को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्ववत खुले रहेंगे और सामान्य कार्य दिवस की तरह कार्य संपादित किया जाएगा.

## महावीर जयंती पर होंगे विविध धार्मिक आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. नव निर्माणाधीन श्री नेमिनाथ जिनालय अरिहंत बिहार में 29 मार्च को वेदी एवं शिखर शिलान्यास का कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ. प्रवक्ता डॉ. मक्खन लाल जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर साधर्मी जनों द्वारा स्वर्ण, रजत एवं कांस्य शिलाओं के माध्यम से विधिवत शिलान्यास किया गया.**

कार्यक्रम के दौरान परवार समाज पंचायत समिति की हीरक जयंती विशेषांक पत्रिका का विमोचन प्रतिष्ठाचार्य पं. अभिनंदन शास्त्री, पं. सुनील धवल एवं पं. मनीष शास्त्री (मेरठ) सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया. इसके पश्चात समिति अध्यक्ष शिखर चंद जैन (एमपीईबी) ने सभी का आभार व्यक्त किया.दिल्ली एवं मेरठ से पधारे विद्वानों के सान्निध्य में दोपहर व सायंकाल स्वाध्याय का आयोजन भी हुआ, जिसका लाभ श्रद्धालुओं ने लिया.महावीर जयंती के पूर्व बड़ा जैन मंदिर किले अंदर से भव्य प्रभातफेरी निकाली गई. वहीं जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. सायंकाल 7 बजे से अखिल भारतीय युवा एवं महिला फेडरेशन तथा महिला मंडल द्वारा पालना झूला, भक्ति संगीत और भक्तांबर पाठ का आयोजन किया जाएगा.पं. मनीष शास्त्री ने 'समयसार' ग्रंथ पर प्रवचन देते हुए धरसेन स्वामी के उदाहरणों के माध्यम से श्रोताओं के विभिन्न प्रकारों का वर्णन किया. उन्होंने बताया कि पत्थर समान श्रोता ज्ञान सुनकर भी प्रभावित नहीं होते, जबकि फूटे घड़े समान श्रोता ज्ञान को संभाल नहीं पाते. मिट्टी जैसे श्रोता क्षणिक भावुक होते हैं, जबकि जोंक जैसे श्रोता केवल नकारात्मकता ग्रहण करते हैं.उन्होंने कहा कि सच्चा श्रोता वही है, जो जिनवाणी को जीवन में उतारकर संयम और वैराग्य को अपनाता है. ज्ञान केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि उसे व्यवहार में लाना ही उसका वास्तविक उद्देश्य है.कार्यक्रम के अंत में जिनालय ट्रस्टियों द्वारा सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया.

# सीसीटीवी कैमरे बने चोर-बदमाशों के लिए मुसीबत

**पुलिस को मिल रही बड़ी सफलता**

**गंजबासौदा में 95 प्रतिशत मामलों के खुलासे में कैमरों की अहम भूमिका, व्यापारियों से लगाए जाने की अपील**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. नगर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बीच अब सीसीटीवी कैमरे चोर-बदमाशों के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आए हैं. किसी भी घटना के बाद पुलिस अब पारंपरिक तरीके से दौड़धूप करने के बजाय सबसे पहले सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिससे आरोपियों तक तेजी से पहुंच बनाई जा रही है.**

### 95 प्रतिशत मामलों में मिली सफलता

पिछले वर्ष हुई चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं में लगभग 95 प्रतिशत मामलों के खुलासे में सीसीटीवी कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. अब अधिकांश साधन-संपन्न नागरिक अपने घरों और दुकानों के बाहर कैमरे लगवा रहे हैं.व्यापार महासंघ और प्रशासन ने नगरवासियों से अपील की है कि वे सुरक्षा के मद्देनजर अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, ताकि अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके.सूत्रों के अनुसार शहर की बस्तियों में महिलाओं और बच्चों का गिरोह सक्रिय है, जो चोरी और अन्य वारदातों को अंजाम दे रहा है.

पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों, सड़कों और प्रतिष्ठानों पर लगे कैमरों की मदद से बदमाशों के आने-जाने के रास्ते और समय का सटीक पता लगाया जा रहा है. यही कारण है कि हाल ही में हुई कई घटनाओं में आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सकी है.

### बरेठ रोड और मंडी मार्ग बना संवेदनशील

बरेठ रोड पर लगातार लूटपाट की घटनाएं सामने आ रही हैं. कृषि उपज मंडी जाने वाले व्यापारी कई बार लूट का शिकार हो चुके हैं. ग्राम हथोड़ा से मंडी मार्ग तक भी कई आपराधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं.

### इनका कहना है

विपिन तिवारी (अध्यक्ष, व्यापार महासंघ) का कहना है कि वारदातों पर रोक लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाना बेहद जरूरी है. इससे गवाहों पर निर्भरता कम होगी और घटनाओं में शामिल बदमाश सीधे कैमरे में कैद हो जाएंगे. ऐसे में अपराधियों के बचने की संभावना खत्म होगी और उन्हें सख्त सजा दिलाना आसान होगा.वहीं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष का कहना है कि नगर के सभी 24 वार्डों की प्रमुख गलियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई जा रही है. साथ ही नागरिकों से भी अपील की जाएगी कि वे अपने मकानों और प्रतिष्ठानों के बाहर कैमरे जरूर लगवाएं. विशेष रूप से गार्डन, लॉज और सार्वजनिक स्थानों पर भी कैमरे लगाए जाना आवश्यक है.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

**श्रमदान** | **बेतवा तट पर श्रमदान अभियान 5.0 का 25वाँ चरण सम्पन्न**

# श्रद्धा के साथ-साथ नदियों को स्वच्छ रखना भी नैतिक धर्म

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,श्रमदान दल गंजबासौदा के तत्वावधान में संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 25वाँ चरण बेतवा नदी तट पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ.साथ ही संदेश दिया कि सच्ची श्रद्धा वही है, जो प्रकृति और नदियों की पवित्रता को बनाए रखने में सहायक बने.**





अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में कचरा एकत्रित किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से पूजन सामग्री, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक आधारित वस्तुएँ जैसे फोटो फ्रेम, तस्वीरें, घड़ी, पीओपी की मूर्तियाँ, कांच की चूड़ियाँ, धार्मिक पुस्तकें, शादी के कार्ड, व्यावसायिक पुस्तकें एवं विभिन्न प्रकार के पर्चे शामिल रहे। यह दृश्य स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि धार्मिक आस्था के नाम पर अनजाने में हम अपनी ही जीवनदायिनी नदी को प्रदूषित कर रहे हैं.

विशेष रूप से, नवरात्रि के समापन के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा विसर्जित किए गए ज्वारों को भी श्रमदान दल द्वारा नदी से बाहर निकाला गया. इन ज्वारों को एकत्रित कर अलग स्थान पर रखा गया, ताकि वे पानी में सड़ने के बजाय गौ माता के लिए उपयोगी चारे के रूप में काम आ सकें.इस पहल के माध्यम से दल ने एक साथ नदी संरक्षण और गौ सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया.

नव रात्रि के उपरांत सामान्य दिनों की तुलना में इस बार कचरे की मात्रा अधिक पाई गई, जो समाज के लिए एक चेतावनी भी है। श्रमदान दल ने नगरवासियों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि धार्मिक श्रद्धा के साथ-साथ हमें माता स्वरूपा नदियों की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने की जरूरत तो है ही साथ ही साथ स्वच्छता का संकल्प भी लेने की जरूरत है.इस 25वें चरण के स्वच्छता अभियान में सूर्य प्रताप सिंह राजपूत, अंशुल शर्मा, रुद्रांश सिंह, दीपेश शर्मा, राकेश रघुवंशी, दिनेश चौरसिया, आकाश जैन सहित बाल श्रमदानी नक्ष राजपूत, अभिनव शर्मा, अरनब रघुवंशी एवं जैत्र राजपूत ने सक्रिय सहभागिता निभाई.

## श्री हरि वृद्ध आश्रम में की बुजुर्गों की सेवा व सम्मान

- सेवानिवृत्त अधिकारियों व शिक्षकों का हुआ सम्मान, भजन-संगीत से बना आनंदमय वातावरण



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. रविवार को सुपर संडे के अवसर पर श्री हरि वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों की सेवा और सम्मान हेतु एक भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया. सुबह 9 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में बुजुर्गों को सम्मान देने के साथ-साथ स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई.**

इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जी पी राठी का सम्मान किया गया. साथ ही शिक्षक साथी अरविंद विश्वकर्मा, मुकेश श्रीवास्तव एवं दीनदयाल शर्मा को भी सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में भव्य स्वागत समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया. मंच पर राजकुमार श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे.कार्यक्रम के दौरान संजय खंडेलवाल, कमल सिंह एवं लल्लू सिंह द्वारा प्रस्तुत भजन-संगीत ने बुजुर्ग माता-पिता को आनंदमय वातावरण प्रदान किया. पूरा आश्रम भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया.मंच संचालन विजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया, जबकि आभार उमेश ताम्रकार ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में उपस्थित अरुण अवस्थी ने बताया कि समिति कोरोना काल से लगातार बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं गौ सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है.कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं सम्मानित व्यक्तियों ने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल एक शासकीय प्रक्रिया है, लेकिन समाज सेवा के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है. उन्होंने समिति के निस्वार्थ सेवा कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया.इस अवसर पर ग्यारस के उपलक्ष्य में गौ सेवा का कार्य भी किया गया. कार्यक्रम में झलकन सिंह, विनोद जैन, चरण सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, रामनारायण, सुरेंद्र राठौर, अरुण गौड़, मनोज माली, प्रदीप निगम, ज्ञानचंद, विनय सक्सेना सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. समाजसेवी गोविंद देवलिया का भी स्वागत किया गया.पूरे आयोजन ने सेवा, सम्मान और संस्कार का सुंदर संदेश दिया, जहां बुजुर्गों के प्रति सम्मान और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी.